i-NEXT
Lucknow, Thursday, November 10, 2011

'This youngman knows everything'

I NEXT

आईटी इंडेक्स में नेशनल लेवल पर दूसरे नम्बर पर लखनऊ के बच्चे, LPS के प्रांशु और हिमांशु बने क्विज विनर

प्रतिभा को सम्मान : विनर स्टूडेंट्स को मिली आईटी क्विज की ट्राफी

I next reporter

LUCKNOW (9 Nov): हार और जीत की बाजी में सिर्फ में एक सवाल का गैप था. क्विज मास्टर पिक ब्रेन जिस तेजी से सवाल पूछ रहे थे उतनी ही तेजी से टीमें उनके जवाब देकर ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहती थी. संत गाडगे आडिटोरियम स्टूडेंट से पैक था. बात हो रही है टीसीएस आईटी क्विज के सिक्स्थ रीजनल राउंड की, जिसे एलपीएस सेक्टर डी की टीम ने एमआर जयपुरिया को हराकर जीत लिया.

Tough चला मुकाबला

जीरोक्स एसईपी पेपर की क्या खासियत है? डब्ल्यूडब्ल्यूएफ कंसेप्ट को किसने पेश किया? जैसे सवालों के जवाब जब क्विज मास्टर को सही मिले तो उन्हें कहना पड़ा कि 'दिस यंग मैन नोज एवरीथिंग' यह प्रतिक्रिया क्लास 12 का एग्जाम देने जा रहे प्रांशु और हिमांशु की काबिलियत को जगजाहिर करने के लिए काफी थी. मुकाबला बहुत टफ चला. एक गलत जवाब किसी भी टीम को क्विज से बाहर करने के लिए काफी था, क्योंकि क्विज में निगेटिव मार्किंग भी हो रही थी. आज की विनर टीम अगले महीने आयोजित होने वाले नेशनल क्विज में यूपी को रिप्रेजेंट करेगी. इस क्विज में क्लास 8 से 12 के बीच पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट ने हिस्सा लिया.

मिली ट्राफी

एलपीएस के प्रांशु और हिमांशु विनर रहे. इन्हें ग्लेक्सी-टैब, विनर ट्रॉफी और डिजिटल कैमरा मिला. जबकि सेठ एमआर जयपुरिया के अंश और समृद्ध कुदेसिया रनरअप रहे. इन्हें आईपॉड और रनरअप ट्राफी प्रदान की गयी.

28 दिनों का खेल

बच्चों का उत्साह देखकर चीफ गेस्ट चीफ सेक्रेटरी अनूप मिश्रा भी उत्साहित हो गये और उन्होंने भी बच्चों से सवाल दागे. उनका सवाल था कि चौंदवी का चांद गाने में पोएट क्या कहना चाहता है? क्योंकि चांद अपने पूरे शबाब पर महीने के 15वें दिन पर होता है तो इसमें चौदह दिन क्यों यूज किये गये है. कई स्टूडेंट ने जवाब दिये लेकिन सटीक जवाब कोई नहीं दे पाया. चीफ गेस्ट ने खुद ही बताया कि यह गाना उर्दू कैलेंडर को ध्यान में रखकर लिखा गया है और उर्दू कैलेंडर में एक महीना 28 दिनों का होता है.